अलवर में बाबा चूहड़सिद्धि लवकुश वाटिका का लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

25 अप्रैल, 2023 को राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत अलवर ज़िले में 2 करोड़ रुपए की लागत से बनी बाबा चूहड़सिद्धि लवकुश वाटिका का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- राज्य सरकार द्वारा ज़िले में पर्यटन को बढावा देने हेतु ऐतिहासिक धरोहरों एवं धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया है जिससे स्थानीय स्तर पर ही आमजन के लिये रोज़गार के अवसर सृजित हुए हैं।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने बताया कि बाबा चूहड़सिद्धि के स्थान पर बनी यह लवकुश वाटिका ज़िले में पर्यटन को बढाने में महत्त्वपूर्ण साबित होगी। अलवर ज़िले में पर्यटन की अपार संभावना है तथा यहाँ पर्यटन स्थलों को विकसित कराकर वहाँ रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास है।
- विदित है कि बाबा चूहड़सिद्धि मंदिर को सोलर लाइट से विद्युतीकृत कराने की घोषणा भी की गई है।
- धार्मिक पर्यटन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह वाटिका बहुपयोगी सिद्धि होगी। साथ ही, इससे स्थानीय स्तर पर आमजन को रोज़गार के अवसर मिलेंगे। यह वाटिका आमजन के लिये स्वस्थ वातावरण प्रदान करने में बेहद लाभाकारी सिद्धि होगी।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-baba-chuharsiddh-lavkush-vatika-in-alwar